**दिनांक 20.01.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ अवधि में गंगा नदी के अधिशेष जल को बदुआ तथा खड़गपुर जलाशय में अंतरण कार्य के कार्यान्वयन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण :–**

1. इं० अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग।
2. इं० मो० सोहैल अहमद अंसारी, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर।
3. इं० शम्स परवेज, मुख्य अभियंता (यांत्रिक), जल संसाधन विभाग।
4. इं० अमरेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3, पटना।
5. इं० अभिजीत कुमार, अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक), सिंचाई यांत्रिक अंचल, मीठापुर, पटना।
6. इं० तौहिद आलम, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर।
7. इं० शम्स तबरेज, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–08, पटना।
8. इं० शशि रंजन कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर।
9. इं० जयन्त, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), सिंचाई यांत्रिक मोनिटरिंग एवं डिस्पोजल प्रमंडल, पटना।

**बैठक में उपस्थित संवेदक :–**

1. श्री जी० वीरा० शेखर रेड्डी, प्रबंध निदेशक (GVPR Engineers Ltd.)–Online
2. श्री विक्रांत मारूपुरी, सहायक महाप्रबंधक (GVPR Engineers Ltd.)
3. श्री विनोद पी०वी०, परियोजना प्रबंधक (GVPR Engineers Ltd.)

समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत है :–

- योजनांतर्गत मुंगेर जिला के अधीन तारापुर प्रखंड के खुदिया ग्राम में अवस्थित कंट्रोलर के निर्माण हेतु वांछित भूमि का अधिग्रहण सतत लीज नीति, 2014 के तहत किये जाने के संबंध में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर द्वारा बताया गया कि संवेदक द्वारा दिनांक 31.01.2026 तक वांछित सभी संरचनाओं एवं पाईप लाईन के भेटेड रूपाकण एवं आलेख्य समर्पित करने का आश्वासन दिया गया है। तत्पश्चात् सतत लीज नीति 2014 के तहत आवश्यक भूमि का अधियाचना समर्पित की जायेगी। निदेश दिया कि ससमय Design प्राप्त कर नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई यथाशीघ्र की जाय, ताकि अविलंब कार्य प्रारंभ किया जा सके।

  **(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/ कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/संवेदक)**

- मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर द्वारा बताया गया कि योजनांतर्गत सुल्तानगंज में इंटेकवेल–सह–पम्प हाउस के कार्यस्थल के समीप प्रस्तावित Airport के विस्तारीकरण के कारण Pipeline के Alignment में परिवर्तन करने की आवश्यकता होगी। साथ ही कार्यस्थल पर 01 अदद रैयत द्वारा बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। इस संबंध में प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग द्वारा

जिला पदाधिकारी, भागलपुर से दूरभाष पर वार्ता कर कार्यस्थल पर उपरोक्त समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही Pipeline का Alignment शीघ्र निर्धारित करने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/जिला पदाधिकारी, भागलपुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/संवेदक)**

- योजना की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 2000 mm Dia का 32188 मी० Pipeline Laying के विरूद्ध 1116 मी० लंबाई में Laying कार्य किया गया है। सिंचाई प्रमंडल, बिजीखोरवा में निर्माणाधीन डिटेंशन टैंक के कार्यस्थल पर पर्याप्त मात्रा में श्रमबल, निर्माण सामग्री एवं मशीनरी उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है। योजना में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु आवश्यकतानुसार श्रमबल एवं मशीनरी कार्य स्थल पर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। संवेदक द्वारा बताया गया कि मार्च 2026 तक 20 कि०मी० लम्बाई में Pipeline Laying का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। साथ ही इस माह के अंत तक डिटेंशन टैंक कार्यस्थल पर Foundation Cutting कार्य पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।

निदेश दिया गया कि पर्याप्त मात्रा में श्रमबल, निर्माण सामग्री एवं मशीनरी उपलब्ध कराते हुए जिन स्थलों पर भूमि उपलब्ध है उन स्थलों पर द्रुत गति से Pipeline Laying का कार्य किया जाय। साथ ही योजनान्तर्गत सभी अवयवों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाय।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3, पटना/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिजीखोरवा/संवेदक)**

- मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर द्वारा बताया गया कि योजनांतर्गत तृतीय पक्ष (Third Party) गुणवत्ता जाँच IIT, Patna/NIT, Patna/RITES Ltd./EIL/MECON etc. मानक संस्थानों से कराये जाने हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

निदेश दिया गया कि उपरोक्त के संबंध में नियमानुकूल कार्रवाई की जाय।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3, पटना/ अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/संवेदक)**

- विद्युत पोलों/ट्रान्सफार्मरों के विस्थापन के संबंध में निदेश दिया गया कि अर्जा विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र प्राक्कलन प्राप्त किया जाय एवं Supervision charge का भुगतान उर्जा विभाग को करते हुए विद्युत पोलों/ट्रान्सफार्मसें के विस्थापन हेतु नियमानुकूल कार्रवाई शीघ्र की जाय।

**(कार्रवाईः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिजीखोरवा/ संवेदक)**

- उपरोक्त वर्णित योजना की पुर्नसमीक्षा 15 दिनों के पश्चात् किये जाने हेतु निदेशित किया गया जिसके लिए अलग से तिथि एवं समय निर्धारित की जायेगी।

**(कार्रवाईः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—3, पटना/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिजीखोरवा/संवेदक)**

28/1

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक : यो०मो०—03—कार्य—10—51/2024—पार्ट—I— 318 पटना, दिनांक : 10-2-26

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिजीखोरवा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संवेदक को इस कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुये दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

10/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : यो०मो०—03—कार्य—10—51/2024—पार्ट—I— 318 पटना, दिनांक : 10-2-26

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : यो०मो०–03–कार्य–10–51 / 2024–पार्ट–I– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : यो०मो०–03–कार्य–10–51 / 2024–पार्ट–I– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–2, जल संसाधन विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन